Name ........................................ Roll No. .................................. **BNI**

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा : 2022-23

**समय-3.00 घण्टे** **कक्षा-XII** **पूर्णांक-100**

## विषय-सामान्य हिन्दी

1. **(क) सरस्वती पत्रिका का सम्पादन किसने किया था-** 1

   (अ) प्रेमचन्द (ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी

   (स) महादेवी वर्मा (द) निराला

   **(ख) संस्कृति के चार अध्याय पुस्तक के लेखक है-** 1

   (अ) रामधारी सिंह दिनकर (ब) रामवृक्ष बेनीपुरी

   (स) विद्यानिवास मिश्र (द) बाबू गुलाबराय

   **(ग) रामचन्द्र शुक्ल द्वारा लिखित निबंध है।** 1

   (अ) अशोक के फूल (ब) राष्ट्र का स्वरूप

   (स) तुम चन्दन हम पानी (द) मित्रता

   modelpaper.info

   **(घ) अजातशत्रु किस विधा की रचना है-** 1

   (अ) जीवनी (ब) संस्मरण (स) नाटक (द) आत्मकथा

   **(ङ) अज्ञेय की रचना है-** 1

   (अ) शेखर एक जीवनी (ब) पृथ्वीपुत्र

   (स) विचार प्रगाह (द) चिन्तामणि

2. **(क) कबीरदास प्रमुख कवि है-** 1

   (अ) निर्गुण काव्यधारा के (ब) सगुण काव्यधारा के

   (स) प्रगतिवादी काव्यधारा के (द) प्रयोगवादी काव्यधारा के

   **(खं) बिहारी ने प्रमुख रूप से किस छन्द में रचना की है।** 1

   (अ) चौपाई (ब) दोहा

   (स) कुण्डलिया (द) सवैया

   **(ग) नौका विहार कविता का संबंध किस नदी से है-** 1

   (अ) गंगा (ब) यमुना

   (स) सरस्वती (द) घाघरा

**P.T.O.**

(घ) **प्रयोगवादी काव्यधारा के कवि हैं-** 1

(अ) महादेवी वर्मा (ब) पंत

(स) निराला (द) गिरिजा कुमार माथुर

(ङ) **आँसू काव्य में प्रधान रस है-** 1

(अ) करूण (ब) शांत

(स) वीर रस (द) हास्य रस

3. **दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5x2**

राष्ट्र का तीसरा अंग जन की संस्कृति है। मनुष्यों ने युग-युगों में जिस सभ्यता का निर्माण किया है, वही उसके जीवन की श्वांस प्रश्वांस है। बिना संस्कृति के जन की कल्पना कबंध मात्र है। संस्कृति ही जन का मस्तिष्क है। संस्कृति के विकास और अभ्युदय के द्वारा राष्ट्र की वृद्धि संभव है।

(क) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) राष्ट्र का तीसरा अंग क्या है?

(ग) राष्ट्र का विकास किसके द्वारा संभव है?

(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ङ) जन का मस्तिष्क क्या है?

4. **दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5x2**

मैं नीर भरी दुःख की बदली,
स्पन्दन में चिर निस्पन्द वसा,
क्रन्दन में आहट विश्व हंसा,
नयनों में दीपक से जलते,
बलको मे निर्धरणी मचली।।

(क) कवयित्री ये स्वयं को क्या बताया है?

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) किससे आहट होकर विश्व हँसा।

(घ) पलकों में क्या मचली?

(ङ) पाठ का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

5. (क) **निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों के नाम लिखिए।** 5

modelpaper.info

(अ) वासुदेवशरण अग्रवाल

(ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(स) डा0 ए0पी0जे0अब्दुल कलाम

**(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए।** 5

(अ) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(ब) जयशंकर प्रसाद

(स) महादेवी वर्मा

6. 'ध्रुवयात्रा' अथवा 'बहादुर' कहानी का कथावस्तु का सार लिखिए। 5

7. रश्मिरथी के कथानक पर प्रकाश डालिए। 5

8. **(क) दिए गए संस्कृत गद्यांश का ससंदर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए।** 5

संस्कृतस्य साहित्यं, सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये पद्ये च लालित्यं, भावबोधसामर्थ्यम्, अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते। किं बहुना चरित्रनिर्माणर्थं यादृशीं सत्प्रेरणा संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशीम् किञ्चिदन्यत। मूलभूतानां मानवीयगुणवानां यादृशीं विवेचना संस्कृत-साहित्ये वर्तते नान्यत्र तादृशीं।

**(ख) दिए गए श्लोक का ससंदर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए।** 7

न चौरहार्यं न च राजहार्यं
न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि
व्यये कृते वर्द्धत एव नित्यं
विद्या धनं सर्व धनं प्रधानम्।

9. **निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए।** 1+1

(क) अक्ल का दुश्मन

(ख) गागर में सागर भरना

(ग) हाथ पीले करना

(घ) मुँह फुलाना

10. **(क) निम्न शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए।** 3

पुस्तकालय, तथेति, नायकः



modelpaper.info

(ख) 1. आत्मनि शब्द में कौन सी विभक्ति और वचन है? 1

2. नामसु शब्द में विभक्ति और वचन बताइए। 1

11. (क) वीर रस अथवा श्रृंगार रस का लक्षण सहित एक उदाहरण लिखिए। 2

(ख) श्लेष अथवा उपमा अलंकार की परिभाषा लिखते हुए एक उदाहरण लिखिए। 2

(ग) दोहा अथवा कुण्डलिया छन्द का लक्षण और उदाहरण लिखिए। 2

12. (क) **निम्न शब्द युग्मों का अर्थ लिखिए।** 2

अविराम - अभिराम

स्वर्ण - सवर्ण

(ख) **किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए।** 2

कर्ण, काल, अर्क

(ग) **वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।** 2

जो जीता न जा सके।

रास्ता दिखाने वाला।

modelpaper.info

13. अपने गाँव की सफाई हेतु संबंधित अधिकारी का एक पत्र लिखिए। 8

14. **किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।** 9

1. आजादी का अमृत महोत्सव
2. जीवन में खेल का महत्व
3. विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन का महत्व
4. पर्यावरण संरक्षण का महत्व
5. मेरी प्रिय पुस्तक

❖❖❖